pan>

Title: Need to increase frequency of trains from Ranchi to various parts of the country.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं झारखण्ड के रांची का प्रतिनिधित्व करता हूँ और वह प्रदेश की राजधानी है। वहां से रेलवे सुविधा के बारे में आपके माध्यम से रेलवे मंत्री जी से मांग करता हूँ कि रांची से एक ही राजधानी ट्रेन चलती है, जो दो-तीन दिन चलती है, उसको प्रतिदिन करने की मांग करता हूँ। रांची से वेल्लोर जो काफी संख्या में लोग इलाज के लिए जाते हैं, वहां के लिए भी एक ट्रेन की मांग करता हूँ और इसकी घोषणा रांची में रेलवे में मंत्री जी ने की थी, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है, मैं इसकी मांग करता हूँ। रांची से हरिद्वार, वाया लखनऊ, काफी संख्या में जो तीर्थ यात्री जाते हैं, तो रांची से हरिद्वार के लिए एक ट्रेन की मांग बहुत दिनों से की जा रही है। हटिया से जसवंतपुर, जो दो दिन चलती है, उसको कम से कम दो दिन और बढ़ाने की मांग मैं रेलवे मंत्री से करता हूँ। रांची से बैंगलोर जो काफी संख्या में व्यापारी और लड़के पढ़ने के लिए जाते हैं, तो रांची से बैंगलोर तक ट्रेन की सुविधा करें।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Ram Tahal Chaudhary